हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 23 अप्रैल 2025

11 जोहड़ीवाला प्राचीन हनुमान मंदिर में जल एवं ...


12 गरजे रिटायर कर्मचारी, विधेयक वापस नहीं लेने ...


## खबर संक्षेप

### गला घोटकर पत्नी की हत्या, आरोपी फरार

**चरखी दादरी।** शहर की कबीर बस्ती निवासी युवक ने पत्नी की चुन्नी से गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी पति फरार हो गया। जानकारी के अनुसार कबीर बस्ती निवासी दीपक का अपनी पत्नी आरती का किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इसी दौरान दीपक ने आरती का चुन्नी से गला दबाकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। सुबह जब परिजनों ने आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद कमरे में पहुंचे तो आरती मृत अवस्था में पड़ी हुई थी और दीपक गायब था। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद डीएसपी धीरज कुमार पुलिस व एफएसएल टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाए

### पुलिस टीम को टक्कर मारने का आरोपित धरा

**भिवानी।** एंटी व्हीकल थैफ्ट स्टाफ ईशरवाल की टीम ने ड्यूटी के दौरान पुलिस कार्य में बाधा डालने और पुलिस कर्मचारियों को जान से मारने की नीयत से गाड़ी से पुलिस गाड़ी को टक्कर मारने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। इस आरोपित पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक रोहतक के के राव आईपीएस के द्वारा 5,000रुपये का ईनाम रखा गया है। आरोपी शरीफ पुत्र नूर मोहम्मद निवासी रोहिंदा जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश पर का रहने वाला है।

### पूर्ण पारदर्शिता से किया जाए खरीद का कार्य



**भिवानी।** खरीद केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम व सीटीएम।

**चरखी दादरी।** सीटीएम एवं एसडीएम जितेन्द्र कुमार ने बौंद के खरीद केंद्र का दौरा कर खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया। एसडीएम ने कहा कि खरीद का कार्य पूर्ण पारदर्शिता से किया जाए। उन्होंने किसानों एवं आढ़तियों की समस्याओं को गंभीरता सुना और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए कि मंडी में फसल बिक्री में समस्या नहीं आनी चाहिए। एसडीएम ने खरीद एजेंसी के अधिकारीयों को निर्देश देते हुए कहा कि जो सरसों की ढेरी साफ हो उसकी तुरंत बोली लगाकर खरीद करना सुनिश्चित करें।

### जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला 24 को

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि युवाओं को रोजगार देने के लिए समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला रोजगार विभाग द्वारा 24 अप्रैल को अपने कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सहायक रोजगार अधिकारी दीपक शर्मा ने रोजगार मेले के बारे में बताया कि रोजगार मेले में पुखराज हेल्थ केयर भिवानी व एलआईसी कंपनी द्वारा साक्षात्कार के आधार पर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

# धनाना के रजत शर्मा ने पास की यूपीएससी परीक्षा

**मर्जी से रोजाना 12 से 13 घंटे पढ़ाई, भाई भी कर रहा तैयारी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

मंगलवार को यूपीएससी द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में 236 वां रैंक हासिल कर रजत शर्मा पुत्र नरेंद्र शर्मा ने सफलता हासिल की है। रजत शर्मा मूल रूप से गांव धनाना का रहने वाला है। रजत शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। रजत शर्मा के चाचा सिविल कोर्ट नारनौल में डिप्टी डिस्ट्रिक्ट अटार्नी के पद पर कार्यत हैं। उनकी चाची कीर्ति शर्मा राजकीय महाविद्यालय नारनौल में प्रवक्ता है।

रजत शर्मा के पिता नरेंद्र शर्मा फतेहाबाद में डीईईओ के पद पर कार्यरत है। रजत शर्मा का परिवार शिक्षित परिवारों में माना जाता है रजत शर्मा का भाई नवीन शर्मा गुरुग्राम में डिप्टी लेबर कमिश्नर है। रजत शर्मा के मामा भी हरियाणा में आईएफएस अधिकारी है। उनके दादा स्वर्गीय टेकचंद शर्मा भी खंड शिक्षा अधिकारी रहे हैं वहीं उनके फूफा केसी शर्मा हरियाणा में नारनौल के अलावा अनेको जगह पर जिला उपायुक्त एवं फाइनेंस कमिश्नर रहे हैं।

### एनआईटी कुरुक्षेत्र से बीटेक पास

पिता नरेंद्र शर्मा ने बताया कि बेटे रजत शर्मा ने कुरुक्षेत्र एनआईटी से बीटेक की डिग्री हासिल करने के बाद वे दिल्ली चले गए। उनमें बचपन से पढाई के प्रति जबरदस्त लग्न थी। वे अपनी मर्जी से रोजाना 12 से 13 घंटे तक पढाई करते है। उन्होंने बीटेक की डिग्री हासिल करने के बाद यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण करने का लक्ष्य तय किया और कड़ी मेहनत व लग्न की बदौलत



■ मंगलवार को यूपीएससी का परीक्षा परिणाम हुआ जारी, 236 वां रैंक हासिल किया

आज रजत को उसकी मंजिल हासिल हो गई। थोड़ी बहुत कोचिंग के बाद रजत ने अपने आप ही यूपीएससी की तैयारी की। उन्होंने बताया कि उनके दो लड़के है। रजत यूपीएससी की परीक्षा उतीर्ण की है और दूसरा बेटा भी यूपीएससी की तैयारी में जुटा है।

# रामकिशन हलवासिया बने बैंक जोन छह के डायरेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

■ रामकिशन हालुवासिया ने अपने प्रतिद्वंद्वी को करीब 80 मतों से हराया

रामकिशन हलवासिया दी जिला भिवानी प्राथमिक सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक लिमिटेड (लैंड मॉर्गेज) के जोन नम्बर छह के चुनावी प्रक्रिया द्वारा डायरेक्टर चुने गए। बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजकुमार परमार ने बताया कि बैंक के सात जॉन में से छह नंबर जॉन में ही चुनाव कराया गया। बाकी सभी जॉन के डायरेक्टर निर्विरोध चुने गए एवं रामकिशन हालुवासिया ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 80 मतों से हराया। नवनियुक्त डायरेक्टर रामकिशन हलवासिया ने बताया कि बैंक द्वारा किसानों एवं जरूरतमंद ग्रामीणों को कृषि, बागवानी, पशुपालन, सूक्ष्म सिंचाई यंत्र एवं कृषि यंत्रों के लिए ऋण में लोगों की सहायता करेंगे। उन्होंने बताया कि बैंक द्वारा दिए गए ऋण से उन्हें अपनी खेती किसानी चलाने में पूरी मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि समय पर किश्त भरने से बैंक ब्याज में भी छूट प्रदान करता है। इस अवसर पर अजीत सिंह तंवर, ओमबीर सिंह तंवर, सुरेन्द्र सरपंच कुहाड़, राजा सरपंच कुसुंभी, संदीप सरपंच मलवास, पवन पूर्व सरपंच मलवास, शंकर सरपंच धीराणा आदि उपस्थित थे।

### बाजार से घटेगी वाहनों की भीड़, अतिक्रमण से मिलेगा छुटकारा

# फुटपाथों पर बनाई जाएंगी पार्किंग मार्किंग के लिए तैयारी की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

शहर के लोगों के लिए राहत भरी खबर। अब जल्द ही शहर के लोगों को चौक, चौराहे व बाजारों वाहनों की वजह से लगने वाले जाम से मुक्ति मिलने वाली है। चूंकि अब नगरपरिषद ने इस समस्या से निजात दिलाने का नया नुक्ता निकाला है। सड़क के दोनों तरफ फुटपाथों पर पार्किंग बनाए जाने की योजना बनाई जा रही है। हालांकि फुटपाथ की चौड़ाई के हिसाब से पार्किंग की मार्किंग करके तैयार करवाई जाएगी। मसलन तंग फुटपाथ पर दोपहिया तो खुले फुटपाथ पर थ्री व्हीलर व फोर व्हीलर वाहन को खड़ा करने के लिए जगह बनाई जाएगी। ताकि बाजार के बीचों बीच वाहनों का आवागमन बंद हो। अगर एक बार यह व्यवस्था सिरे चढ गई तो शहर व बाजार में लगने वाली भीड़ व जाम से छुटकारा मिल सकेगा।

पहली बार नगरपरिषद फुटपाथों पर मार्किंग करके पार्किंग की व्यवस्था करने जा रहा है। बताया जा रहा है कि हांसी गेट से लेकर घंटाघर चौक, सराय चौपटा, बिचला बाजार व अंदरूनी शहर की सड़कों के साथ बने फुटपाथों पर पार्किंग बनाई जाएगी। जिस बाजार में जिस हिसाब के फुटपाथ होंगे। उसी हिसाब की पार्किंग बनाए जाने की योजना है। अगर तंग या छोटे फुटपाथ हुए तो उन फुटपाथों पर दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग तैयार करवाई जाएगी। इसके अलावा थोडे से चौड़े फुटपाथ पर थ्री व्हीलर या फोर व्हीलर वाहन को खड़ा करने की व्यवस्था होगी। इनके अलावा बाजारों के चौक चौराहों पर बची जगह पर भी पार्किंग की व्यवस्था होगी। उससे शहर व बाजारों में वाहनों की वजह से लगने वाले जामों से मुक्ति मिल पाएगी। अब वाहनों को खड़ा करने के लिए कोई जगह न होने की वजह से आए दिन बाजारों में जाम की स्थिति बन जाती है। इसी क्रम में नप कार्यालय में मार्किंग करने वाली मशीन भी



**भिवानी।** शहर में फुटपाथों पर पार्किंग के लिए मार्किंग का कार्य शुरू करवाते नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह। फोटो : हरिभूमि

■ जल्द ही इस योजना पर कार्य होगा शुरू: भवानी प्रताप

पहुंच गई। जिसका नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने शुभारंभ करवाया। इस मौके पर उनके साथ सतेंद्र मोर, सूर्या तंवर, सुभाष तंवर,संदीप यादव, शिव कुमार, अशोक कामरा आदि मौजूद थे। नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि शहर व अंदरूनी बाजार में सड़कों के साथ बने फुटपाथों पर मार्किंग करनी आरंभ कर दी है। जिस इलाके में जितना चौड़ा फुटपाथ है। उस इलाके में उसी हिसाब के वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि शहर के बाहरी इलाकों में हांसी गेट, रोहतक गेट, हुडा पार्क, लोहारू रोड आदि पर जहां पर भी फुटपाथ पर जगह मिलेगी। वहीं पर वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था की जाएगी। इसी तरह नया बाजारा, घंटाघर से लेकर सराय चौपटा तक की सड़क के साथ बने फुटपाथों पर भी मार्किंग की जा रही है। ताकि इन बाजारों में भी पार्किंग की व्यवस्था की जा सके। शहर हरके बाजार व हिस्से के फुटपाथों पर पार्किंग बनाई जाएगी।

### जाम से मिलेगी मुक्ति : भवानी

नगरपरिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि बाजारों में लगने वाले जामों से मुक्ति दिलाने की योजना पर काम चल रहा है। शहर में सड़कों के साथ बने फुटपाथों पर पार्किंग बनाए जाने की योजना है। इसके लिए नगरपरिषद ने पार्किंग के लिए मार्किंग करवाने का कार्य शुरू कर दिया है। शहर के हरेक क्षेत्र मोहल्ले में जाकर पार्किंग की व्यवस्था के लिए जगह तलाशी जाएगी। इसके लिए शहर के हर व्यक्ति का सहयोग की जरूरत होगी। फुटपाथों पर पार्किंग बनने के बाद शहर के बाजारों में बढ़ रही वाहनों की भीड़ को कम किया जा सकेगा।

### अतिक्रमणों पर जल्द चलेगा बुलडोजर

जिन लोगों व दुकानदारों ने फुटपाथों पर अवैध कब्जा किया हुआ है, चबूतरा बनाया हुआ है या फिर उस पर किसी तरह का अतिक्रमण है। उनको हटाने के लिए लोगों से आग्रह किया जाएगा। ताकि उन जगहों पर आराम से पार्किंग बनाई जा सके।अगर इस दौरान कोई व्यक्ति अवैध कब्जा या अतिक्रमण को नहीं हटाता तो उन इलाकों में बुलडोजर चलाया जाएगा। किसी भी फुटपाथ पर अवैध कब्जा नहीं रहने दिया जाएगा। इसके लिए योजना तय की जा रही है।



**भिवानी।** सरपंच को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# झरवाई की सरपंच कमला देवी को केंद्रीय जल मंत्री ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

■ पंचायती राज दिवस के अवसर पर देश भर के 16 राज्यों के सरपंचों को दिल्ली आमंत्रित किया गया

अपनी-अपनी पंचायतों में सराहनीय कार्य करने के चलते पंचायती राज दिवस के अवसर पर देश भर के 16 राज्यों के सरपंचों को दिल्ली आमंत्रित किया गया। जिसमें गांव झरवाई की सरपंच कमला देवी को भी आमंत्रित किया गया था तथा केंद्रीय मंत्री ने उन्हे सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। गौरतलब होगा कि सरपंच कमला देवी को दूसरी बार दिल्ली में आमंत्रित कर सराहनीय कार्यो के चलते सम्मानित किया गया। पहले उन्हे 26 जनवरी को दिल्ली में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया था। केंद्रीय जल मंत्री से सम्मानित होकर अपने गांव लौटी सरपंच कमला देवी ने कहा कि उनहे उनके लिए बड़े ही गर्व की बात है कि उनके द्वारा जल संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो को केंद्रीय मंत्रालय द्वारा भी सराहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हे मिला सम्मान सिर्फ उनका, अपितु पूरे गांव के प्रयासों को प्रोत्साहन है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य हमेशा जल एवं पर्यावरण संरक्षण की तरफ विशेष ध्यान देना रहता है। जिसके चलते उन्हे जल संरक्षण के क्षेत्र में अपने गांव में बहुत से कार्य किए गए है। जिसमें ग्रामीणों ने भी उनका बाखूबी सहयोग किया। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में गांव के इस प्रकार के कार्य जारी रखेंगी तथा ग्रामीणों के सहयोग से जल संरक्षण की दिशा में और भी बेहतर कार्य करेंगी।

# विश्व योग दिवस मनाना गौरव का विषय

■ गांव सज्जनपुर की योग व्यायामशाला में बच्चों ने किया योग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बवानीखेड़ा

आयुष विभाग हरियाणा व हरियाणा योग आयोग चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य के निर्देशन एवं जिला आयुष विभाग जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में गांव सज्जनपुर की योग व्यायामशाला में ग्यारहवें विश्व योग दिवस को और अधिक ऊर्जा व उत्साह के साथ मनाने की श्रृंखला में विशेष योग शिविर के अन्तर्गत आज व्यायामशाला सज्जनपुर के प्रांगण में राजकीय प्राथमिक विद्यालय के बच्चों सहित विद्यालय इंचार्ज अर्चना अरोड़ा ने भाग लिया। आयुष योग सहायक ने जिला योग कॉर्डिनेटर डॉ. संजय वैद के सानिध्य में सभी प्रतिभागियों को योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत मंत्र प्रार्थना शिथली करण सूक्ष्म व्यायाम अभ्यास, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, बैठकर करने वाले आसन की श्रृंखला में दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, पेट के बल लेटकर करने वाले आसन की श्रृंखला में , भुजंगासन,शलभासन ,पीठ के लेटकर करने वाले आसन की श्रृंखला में सेतुबंध आसन, उत्तान पाद आसन,अर्ध हलासन, पवन मुक्तासन, शवासन के उपरांत कपाल भाति , अनुलोम विलोम प्राणायाम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम,ध्यान सहित शांति पाठ प्रोटोकॉलिक समूह में से बच्चों को उनके लिए उचित एवं लाभदायक आसन करवाकर हमारे दैनिक जीवन दिनचर्या में योग आसन प्राणायाम से होने वाले लाभ के बारे में बताया, जिला भिवानी मास्टर योग ट्रेनर व आयुष योग सहायक गजानंद ने कहा कि योग किसी भी आयु में प्रारंभ कर सकते हैं।



# आदर्श महिला कॉलेज में शिविर का आयोजन

■ आपातकालीन स्थितियों से निपटने को ज्ञान एवं कौशल प्रदान करता प्रबंधन शिविर : सचिव प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

जिला रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा भिवानी उपायुक्त एवं रैडक्रॉस अध्यक्ष महाबीर कौशिक के मार्गदर्शन में मंगलवार को स्थानीय आदर्श महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय बेसिक फर्स्ट एड एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन किया।

शिविर का आयोजन जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार के नेतृत्व में किया, जिसमें जिला प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार द्वारा रैडक्रॉस के चिह्न के दुरूपयोग, प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण की जानकारी के अलावा रैडक्रॉस गतिविधियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी तथा छात्राओं को घायल एवं बीमार लोगों की सहायता करने की शपथ दिलवाई। सेमिनार में फर्स्ट एड प्रवक्ता रामचन्द्र ने फर्स्ट एड एवं आपदा का प्रशिक्षण दिया। जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि एक दिवसीय बेसिक फर्स्ट एड एवं आपदा प्रबंधन शिविर जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक ज्ञान एवं कौशल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि फर्स्ट एड की बुनियादी जानकारी विद्यार्थियों को घायल या बीमार व्यक्ति को त्वरित प्राथमिक उपचार देने में सक्षम बनाती है।



### अटकी पाइप लाइन बिछाने की मुआवजें पर बात

# बेनतीजा रही प्रशासन-किसानों की मुलाकात

■ प्रशासन बोला : कैलेक्टर रेट से ज्यादा नहीं दे सकते मुआवजा

■ किसान बोले : जबरदस्ती लाइन नहीं बिछने देंगे, 28 को विधायक आवास के घेराव की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

मंगलवार को रूपगढ़-नीमड़ीवाली के खेतों से गुजरने वाली आईओसीएल कम्पनी की पाइप लाइन बिछाने को लेकर उपायुक्त व किसानों के बीच शुरू हुई बातचीत बेनतीजा की खतम हो गई। किसान उनके खेतों से गुजरने वाली लाइन बिछाने की बदले 15 सौ रुपये स्केयर मीटर दिलाए जाने की मांग पर अड़े रहे,जबकि उपायुक्त कैलेक्टर रेट के हिसाब से मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया। उनका तर्क था कि वे पाइप लाइन बिछाने के बदले में 207 रुपये स्केयर मीटर दिया जाएगा। इससे फालतू नहीं दे सकते। जिस पर किसान सहमत नहीं हुए। वहीं प्रशासन के रूखे रवैये से खफा होकर किसान उपायुक्त कार्यालय से बाहर आ गए और किसानों ने चेतावनी दी कि वे जायज मुआवजा देने के बाद पाइप लाइन बिछाने देंगे। वे किसी तरह की जबरदस्ती नहीं होने देंगे। अगर प्रशासन ने उनकी सहमति के बिना पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया तो वे उसका जबरदस्त विरोध करेंगे। मंगलवार को भिवानी उपायुक्त महाबीर कौशिक और प्रभावित किसानों के बीच इस मुद्दे पर एक अहम बैठक बुलाई गई, लेकिन घंटों चली बातचीत के बावजूद कोई सहमति नहीं बन पाई । किसानों का नेतृत्व कर रहे पगड़ी संभाल जट्टा के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान ने कहा कि तेल पाइपलाइन किसानों के उपजाऊ खेतों के बीच से गुजर रही है, जिससे उनकी फसलों को भारी नुकसान होगा। इसके अलावा मुआवजे की राशि को लेकर भी किसान नाराज हैं।



**भिवानी।** उपायुक्त से बातचीत के लिए जाते किसान। फोटो : हरिभूमि

# बवानी खेड़ा नपा में चेयरमैन सुंदर अत्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा नगरपालिका चेयरमैन सुंदर अत्री द्वारा आज नगर पालिका कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी पार्षदों व अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में सफाई व्यवस्था, पानी की आपूर्ति, सीवरेज प्रणाली तथा स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की समीक्षा करना था। चेयरमैन अत्री ने अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की और मौजूदा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने, नागरिकों की शिकायतों का त्वरित समाधान करने तथा साफ-सुथरे और व्यवस्थित शहर के लिए गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगरपालिका के अधिकारी संदीप जेई, शिवपाल अकाउंटेंट, कपूर जी,संजय कुमार,अजीत राठौर,सुनील कुमार, राजबाला पार्षद , सुमित्रा पार्षद, रिंकू पार्षद,बलराम पार्षद , सुभाष पार्षद ,दीपक सैनी पार्षद, अशोक परमार पार्षद,बजरंग तंवर,अमित यादव, प्रो सुरेंद्र,सतपाल गखड, सुरेश गोरियां,प्रदीप कुमार,पवन कुमार,भरत गुर्जर,जोगिंदर कुमार ,विनोद भौरिया,उपस्थित रहे।



बवानीखेड़ा। आयोजित बैठक में उपस्थित चेयरमैन व अन्य।



# ‘रेट्रो’ का हिंदी में ट्रेलर जारी उत्तर के दर्शकों को रिझाएंगे

**मुंबई।** साउथ के सुपर स्टार सूर्या की फिल्म ‘रेट्रो’ का ट्रेलर तीन दिन पहले जारी किया जा चुका है। अब इस फिल्म का ट्रेलर हिंदी में जारी किया गया है। इसका मतलब यह है कि फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी। ऐसें में उत्तर भारत के दर्शक भी फिल्म का आनंद उठा सकेंगे। ‘रेट्रो’ एक मई को रिलीज होने वाली है। ‘रेट्रो’ के ट्रेलर में सूर्या जबरदस्त एक्शन में हैं। वह दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहे हैं। सूर्या कभी लाठी तो कभी चाकू चलाते हैं। वह खास अंदाज में घुमाकर मुक्का मारते हैं जो उनके फैंस को खूब पसंद आने वाला है। ट्रेलर में पूजा हेगड़े को भी दिखाया गया है। वह पूजा हेगड़े के साथ इमोशनल होते हैं।

लाइफ Style

# अनन्या

## भाई अहान के बॉलीवुड डेब्यू पर जताई खुशी

अभिनेता चंकी पांडे के परिवार से अब एक और सितारा बॉलीवुड में एंट्री करने जा रहा है। अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। आज उनकी पहली फिल्म की घोषणा हो गई है। इस पर अनन्या ने भाई के लिए चीयर किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यशराज फिल्म्स ने आज एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। फिल्म का नाम ‘सैयारा’ है। इस फिल्म में अहान पांडे मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। अहान पांडे बॉलीवुड में एंट्री करने वाला नया चेहरा है। साथ ही वो एक फिल्मी घराने से भी ताल्लुक रखते हैं। अहान पांडे अनन्या पांडे के चचेरे भाई हैं। अब अपने भाई की बॉलीवुड में एंट्री से बहन अनन्या पांडे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने भाई के लिए चीयर किया है और बॉलीवुड में उनका स्वागत किया है। अनन्या पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने चचेरे भाई की डेब्यू फिल्म के बारे में यशराज फिल्म्स द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा वाली पोस्ट को साझा किया। उसी के बारे में खुशी जताते हुए अनन्या ने लिखा, “फिल्मों में तुम्हारा स्वागत है मेरे भाई। इसके साथ ही अनन्या ने अपनी स्टोरी में एक लाल दिल, हाथ जोड़कर और नजर ताबीज जैसे इमोजी का इस्तेमाल किया है। अपनी स्टोरी में अनन्या ने अपने भाई अहान पांडे को टैग भी किया है। अनन्या के अलावा अहान की बहन और मां ने भी उनके फिल्मी डेब्यू पर खुशी जताई है। यशराज फिल्म्स ने आज ही अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर अहान पांडे की डेब्यू फिल्म की घोषणा की है।



हॉलीवुड मसाला



# व्हूपी ने बताया पोप को करीबी

**लॉस एंजिल्स।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन के बाद उनके चाहने वाले शोक में हैं और उनको अपनी-अपनी तरह से याद कर रहे हैं। आम लोगों से लेकर तमाम सेलिब्रिटीज तक पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इसी क्रम में सिने जगत के भी तमाम सितारों ने पोप को याद किया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसमें लियोनार्डो डिकैप्रियो से लेकर रसेल क्रो और सिल्वेस्टर स्टेलोन समेत कई नाम शामिल हैं। कॉमेडियन व्हूपी गोल्डबर्ग ने पोप फ्रांसिस को याद करते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक नोट लिखा है।



# एम्बर को बचपन से रहा अभिनय का शौक...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की चमक-दमक में अपनी जगह बनाने वाली एम्बर हर्ड एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने अपने अभिनय और निजी जीवन दोनों से सुर्खियां बटोरी हैं। उनकी जिंदगी की कहानी एक साधारण शुरुआत से लेकर वैश्विक मंच तक की यात्रा है, जिसमें प्रेम, शादी और तलाक जैसे उतार-चढ़ाव भी शामिल हैं। एम्बर लॉरा हर्ड का जन्म 22 अप्रैल 1986 को अमेरिका के टेक्सास राज्य के ऑस्टिन शहर में हुआ था। उनके पिता डेविड क्लिंटन हर्ड एक ठेकेदार थे, जबकि मां पेट्रीसिया पेज हर्ड इंटरनेट रिसर्चर के तौर पर काम करती थीं। एम्बर की दो बहनें हैं। उनका बचपन टेक्सास के खुले-खुले माहौल में बीता। बचपन से ही वह स्वतंत्र विचारों वाली थीं। बहुत कम उम्र में ही अभिनय के प्रति उनका रुझान नजर आने लगा था।




# करण लेकर आ रहे नागों वाली पिक्चर

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर अब धर्मा प्रोडक्शन की अबतक की फिल्मों से अलग हटकर एक नई तरह की फिल्म लेकर आ रहे हैं। इच्छाधारी नाग की कहानी पर आधारित उनकी नई फिल्म है ‘नागजिला’। करण ने मंगलवार को इस फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की घोषणा कर दी है और इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन इच्छाधारी नाग की भूमिका में दिखाई देंगे। करण ने जो पोस्टर जारी किया है उसमें नीली जींस पहने शर्टलेस कार्तिक आर्यन दूसरी तरफ मुंह करके खड़े हैं। वो सांपों से भरे घर से शहर को देखते हुए नजर आ रहे हैं। उनके आस-पास सिर्फ सांप ही सांप हैं और उनके ऊपर भी सांप लिपट रहे हैं। इस वीडियो पोस्टर में कार्तिक आर्यन की आवाज में वॉइस ओवर है।



# ‘डॉन-3’ में चाहिए अनुभवी अभिनेत्री

**मुंबई।** फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म ‘डॉन 3’ अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस बार डॉन की प्रमुख भूमिका में शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। फिल्म की फीमेल लीड को लेकर अब तक कुछ तय नहीं हो पा रहा है। घोषणा के समय कियारा आडवाणी फिल्म की हीरोइन घोषित हुई थीं। हालांकि, प्रेग्नेंसी के चलते उनके फिल्म से हटने के बाद अब तक किसी नई एक्ट्रेस के नाम पर मोहर नहीं लग पाई है। ताजा रिपोर्ट के मुताबकि, फरहान अख्तर और उनकी टीम अपनी फिल्म के लिए एक अनुभवी अभिनेत्री को कास्ट करना चाहती है। जिसकी स्क्रीन पर मौजूदगी अच्छी हो और किरदार की गंभीरता को समझ सके। इसीलिए शायद शरवरी की जगह अब कृति सेनन को अप्रोच किया जा रहा है।

टीवी मसाला

# लाल साड़ी में दिखीं निया

## कहा- आप लोग ही तलाश दो दूल्हा

**नई दिल्ली।** इन दिनों टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा शो ‘लाफ्टर शेफ’ में नजर आ रही हैं। हाल ही में शो का एक स्पेशल एपिसोड में शूट हुआ, जिसमें



निया लाल साड़ी पहने नजर आईं। शो से पहले निया की मुलाकात पैपराजी से भी हुईं। निया को लाल साड़ी में देख पैपराजी ने पूछ लिया, ‘शादी कब कर रही हैं?’ वह पहले मुस्कुराईं, इसके बाद बोलीं, ‘आप लोग ही तलाश दो दूल्हा?।’ इस पर पैपराजी ने कहा कि वो तो यहीं पर है? दरअसल, पैपराजी में से कुछ लोग अपनी बात कर रहे थे। इस पर निया शर्मा ने हंसकर बात को टाल दिया।’ शो ‘लाफ्टर शेफ’में निया शर्मा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इस शो में प्रतियोगियों को कोई स्पेशल डिश, रेसिपी बनाती होती हैं, साथ ही शो में खूब कॉमेडी भी होती है। निया को कुकिंग तो नहीं आती लेकिन वह अपनी बेबाकी से दर्शकों का दिल जरूर जीत रही हैं। इस शो को भारती सिंह होस्ट करती हैं। निया शर्मा के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो वह ‘नागिन’ सीरीज का हिस्सा रह चुकी हैं। ‘एक हजारों में मेरी बहना है’ जैसा पॉपुलर टीवी शो कर चुकी हैं। कई रियालिटी शो का भी निया शर्मा हिस्सा रही हैं। वह ‘खतरों के खिलाड़ी’ जैसे शो में भी नजर आ चुकी हैं।

## अभिनव ने असीम के आक्रामक व्यवहार पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली।** अभिनव शुक्ला और असीम रियाज के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। असीम ने सोशल मीडिया पर अभिनव पर सहानुभूति मांगने का आरोप लगाया था, जिसके जवाब में अभिनव ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। अभिनव ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक लंबा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने असीम के आक्रामक व्यवहार और रियलिटी शो में उनके रवैये पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, ‘वह



मुझे अच्छी तरह जानता है, लेकिन उसने गलती की। मैं चुप रहता हूं और खड़ा रहता हूं। कोई रियलिटी शो मुझे आक्रामक या अपमानजनक नहीं बना सकता। किरदार कंटेंट से ज्यादा मायने रखता हैं। अगर धक्का-मुक्की और सेट का सामान तोड़ना ही उपलब्धि है, तो मैं प्रभावित नहीं हूं। एमएमए ट्राई करो, देश के लिए खेलो। शांत रहो!’ अभिनव ने रविवार को बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर एक यूजर से जान से मारने की धमकी मिली, जिसने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया।

# 50 के दशक में पिता ने अभिनय के लिए किया प्रेरित, आज पोती भी करती है फिल्मों में एक्टिंग

*नई दिल्ली। 50 के दशक में अभिनेत्री उषा किरण ने अभिनय का सफर शुरू किया। लगभग 50 से अधिक हिंदी और मराठी फिल्मों में एक्टिंग की। चार दशक तक वह सिनेमा की दुनिया में सक्रिय रहीं। मंगलवार को अभिनेत्री उषा किरण का जन्मदिन ( 22 अप्रैल 1929) था। इस मौके पर जानिए, उषा किरण के फिल्म कॅरियर, निजी जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें। उषा किरण का जन्म एक मराठी परिवार हुआ। पिता बालकृष्ण मराठे हमेशा से उषा के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका में रहे। उषा पांच बहनों में दूसरे नंबर पर आती थीं। उषा ने थिएटर से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, इस काम के लिए पिता से उन्हें बहुत प्रोत्साहन मिला। जानिए, कैसे शुरू हुआ उषा किरण का फिल्मी दुनिया में आने का सफर? किन फिल्मों और अभिनेता के साथ अभिनय किया? साथ ही आज उषा किरण के परिवार के कौन से सदस्य एक्टिंग की दुनिया में सक्रिय हैं, विस्तार से जानिए।*

### इस तरह शुरू हुआ फिल्मों का सफर

उषा किरण के पिता चाहते थे कि बेटी फिल्मों में काम करे। अभिनेत्री के पिता ने एक फिल्म भी बनाई, जिसमें बेटी को अभिनय का मौका दिया। फिल्म फ्लॉप रही लेकिन उषा को एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने का मौका मिल गया। उषा ने अपने सरनेम मराठे की जगह किरण शब्द का इस्तेमाल किया। इस तरह वह उषा किरण बनकर हिंदी फिल्मों में पहुंचीं। अभिनेत्री ने इसके बाद लगभग 50 से ज्यादा हिंदी और मराठी फिल्में कीं। ‘कल्पना’ बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म थी।



### नामी कलाकारों संग किया अभिनय

उषा किरण ने अधिक फिल्में अपने करियर में भले ही ना की हों लेकिन उन्हें नामी अभिनेताओं के साथ अभिनय करने का मौका मिला। उषा ने दिलीप कुमार, देव आनंद, किशोर कुमार, राज कपूर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन जैसे अभिनेताओं के साथ बड़े पर्दे पर अभिनय किया था। वह नजराना, दाग, बंधन, काबुलीवाला, पतिता, मिली, बावर्ची और चुपके-चुपके जैसी चर्चित फिल्मों का भी हिस्सा बनीं।

### परिवार ने बढ़ाया अभिनय की विरासत को आगे

उषा किरण का खुद किसी फिल्मी परिवार से वास्ता ना रहा हो लेकिन आगे चलकर उनके परिवार के कई सदस्य फिल्मों से जुड़े। उषा ने डॉ. मनोहर खेर से शादी की, इनके दो बच्चे हुए अद्वैत्य और तन्वी। बेटे ने मॉडलिंग को अपना करियर बना लिया। अद्वैत्य ने उत्तरा से शादी की, इनकी दो बेटियां हुईं संस्कृति खेर, सैयामी खेर। सैयामी इन दिनों बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय कर रही हैं, अपनी दादी की विरासत को आगे बढ़ी रही हैं। वहीं उषा किरण की बेटी तन्वी ने कोरियोग्राफर बाबा आजमी से शादी की, वह अब तन्वी आजमी के नाम से जानी जाती हैं और फिल्मों में, टीवी में एक्टिंग करती हैं। तन्वी के पति बाबा आजमी, शबाना आजमी के भाई लगते हैं। इस तरह से उषा किरण और शबाना आजमी भी रिश्तेदार हो जाते हैं।

# ‘आमा-बुबू’ की अमेरिका में धूम बेस्ट एक्टर के लिए नामांकन...

**मुंबई।** ‘न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स’ के 25वें संस्करण को लेकर एक दिलचस्प खबर सामने आई है। इस फेस्टिवल में उत्तराखंड के 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी को फिल्म ‘पायर’ में अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए नामांकित किया गया है। हैरत की बात यह है कि इन दोनों ने इससे पहले किसी भी फिल्म में अभिनय नहीं किया। इस फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता विनोद कापड़ी ने किया है। ‘पायर’ फिल्म के लिए विनोद कापड़ी ने पदम सिंह को लिया था। वह भारतीय सेना के रिटायर सिपाही हैं। इसके अलावा हीरा देवी को लिया था जो कि एक किसान हैं। दोनों में से किसी ने भी पहले कभी अभिनय नहीं किया था। दोनों का ताल्लुक उत्तराखंड के जिला पिथौरागढ़ की तहसील बेरीनाग से है।



पदम सिंह इन दिनों कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। सिनेमा में और भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि 80 साल का आदमी जिसने कभी अभिनय नहीं किया वह इस अवॉर्ड के लिए नामांकित हुआ है। फिल्म ‘पायर’ को दुनिय भर में सराहा जा रहा है। फिल्म का विश्व प्रीमियर ‘28वें टैलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल’ में हुआ था। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म दर्शक का पुरस्कार दिया गया था। फिल्म को ‘16वें बेंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव’ में जूरी पुरस्कार मिला है। हाल ही में 24वें इमेजिन इंडिया अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित छह नामांकन मिले।

## ‘ग्राउंड जीरो’ में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की दिखाई जाएगी कहानी

# आतंकवाद से लेकर रोमांस तक, इन फिल्मों में दिखा कश्मीर का अलग-अलग रंग

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फिल्मों के लिए कश्मीर हमेशा एक मजबूत विषय व आधार रहा है। कई फिल्मों में कश्मीर के अलग-अलग रंग दिखाए गए हैं। कभी वहां फैले आतंकवाद को दिखाया गया है, तो कभी कश्मीर में हीरो-हिरोइन ने रोमांस फरमाया है। इमरान हाशमी की आगामी फिल्म ‘ग्राउंड जीरो’ का हाल ही में ट्रेलर जारी किया गया। कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की कहानी दिखाई जाएगी। एक्सल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित ये फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर कश्मीर को दिखाया जाएगा। फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। ‘ग्राउंड जीरो’से पहले भी बॉलीवुड की कई फिल्मों में कश्मीर को दिखाया गया है और फिल्मों की कहानी कश्मीर पर केंद्रित रही है। जानते हैं कुछ ऐसी ही फिल्मों के बारे में।*

**द कश्मीर फाइल्स :** 2022 में आई विवेक अग्निहोत्री की ‘द कश्मीर फाइल्स’ 1990 में कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन की वास्तविक घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में कश्मीरी पंडितों के पलायन और उस दौर में उनके ऊपर हुए अत्याचार की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।



**आर्टिकल 370 :** यामी गौतम की फिल्म ‘आर्टिकल 370’ जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटाए जाने के बारे में है। इस फिल्म में सरकार ने कैसे इतना बड़ा फैसला लिया और कैसे इसकी प्लानिंग की, इसकी कहानी को दिखाया गया है।




**मिशन कश्मीर :** ऋतिक रोशन, संजय दत्त और जैकी श्रॉफ स्टारर ‘मिशन कश्मीर’ उस वक्त कश्मीर में फैले आतंकवाद की कहानी को दर्शाती है। फिल्म में अल्ताफ नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे एक पुलिस प्रमुख उसके परिवार के मार दिए जाने के बाद गोद ले लेता है। फिल्म में ऋतिक रोशन ने एक आतंकवादी की भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया है।



**शिकारा :** 2020 में आई विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म ‘शिकारा’ भी कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है। फिल्म में एक युवा जोड़े की कहानी को दिखाया गया है, जिनकी नई-नई शादी हुई है। वो कश्मीर में सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने के बाद कैसे वहां से पलायन करते हैं और फिर खुद के सेटल होने में संघर्ष करते हैं।



**फितूर :** आदित्य रॉय कपूर, कटरीना कैफ और तब्बू की फिल्म ‘फितूर’ की कहानी कश्मीर पर ही आधारित है। इस फिल्म में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म के कुछ-कुछ दृष्यों में बर्फ से लदी कश्मीर की घाटियां आपका मन मोह लेंगी। फिल्म में कश्मीर के लड़के-लड़की की लव स्टोरी दिखाई गई है।



**कश्मीर की कली :** शम्मी कपूर-शर्मिला टैगोर की फिल्म ‘कश्मीर की कली’ में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक लड़का शादी से बचने के लिए कश्मीर भाग जाता है, जहां उसकी मुलाकात एक कश्मीरी लड़की से होती है। धीरे-धीरे उसे उससे प्यार हो जाता है। इसके बाद क्या कुछ होता है, ये फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म के गाने और कहानी काफी पसंद की गई थी।



## प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से बढ़ा पर्यावरण संकट: चेयरमैन डॉ. पवन

# जोहड़ीवाला प्राचीन हनुमान मंदिर में जल एवं पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट ने मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। जोहड़ीवाला प्राचीन हनुमान मंदिर में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाते बोर्ड चेयरमैन डॉ. पवन कुमार व महंत चरणदास।


भिवानी। मेगा माइंड किड्स स्कूल में पौधरोपण करती शिक्षिकाएं व छात्राएं।

जोहड़ीवाला प्राचीन हनुमान मंदिर में मंगलवार को पृथ्वी दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट ने मंगलवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। पुजारी ध्यानदास महाराज एवं पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार एवं विशिष्ट अतिथि हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाईस चेयरमैन विजेंद्र बड़गुज्जर ने शिरकत कर पौधरोपण, जल एवं पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया।

■ अब भी अर्थ के लिए कुछ नहीं किया तो हो जाएगा अनर्थ: चरणदास

कार्यक्रम में मंदिर के महंत चरणदास महाराज का सान्निध्य रहा तथा अध्यक्षता सुरेंद्र लोहच ने की।

### प्रकृति को बचाने का आह्वान किया

महंत चरणदास ने कहा कि अर्थ का अब कुछ करो, नहीं तो अनर्थ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल 1970 से पर्यावरण, पृथ्वी एवं जीवन के संरक्षण के लिए प्रत्येक वर्ष पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि ये हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति को बचाने और संरक्षित करने में मदद करें, क्योंकि पृथ्वी सभी जीवों के लिए जीवनदायिनी है। कार्यक्रम के दौरान राजकीय माध्यमिक विद्यालय नौरंगाबाद के बच्चों ने पेड़ बचाओ-धरती बचाओ नाटक की प्रस्तुति के माध्यम से पौधरोपण का संदेश दिया, जिसमें मुख्याध्यापिका सीमा सिंधु एवं कला अध्यापिका सीमा, राजकीय वमा विद्यालय हनुमान ढ़ाणी से सरोज व विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस मौके पर श्याम सुंदर शर्मा, सुरेश सैनी, डॉ. सुखबीर ढुहन, रिंकू, राजेंद्र संभ्रवाल, राधेश्याम सैनी, मोतीलाल शर्मा, सुनील सैनी, चंदा देवी, विरेंद्र श्योराण, प्रदीप सैनी आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को अधिक पौधरोपण कर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी उठाने का संकल्प दिलवाया। बोर्ड चेयरमैन डॉ. पवन कुमार ने कहा कि मनुष्य ने विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का इतना दोहन किया कि अब पर्यावरण संकट में है, ऐसे में मानव प्रजाति को बचाने के लिए जरूरी है कि सभी देशों को अपनी उन प्राचीन परंपराओं की ओर लौटना होगा। आयोग के वाईस चेयरमैन विजेंद्र बड़गुज्जर ने कहा कि जीवन जीने के लिए जिन प्राकृतिक साधनों की जरूरत, एक पेड़, एक जानवर या एक इंसान की होती है, वो सब हमें पृथ्वी प्रदान करती है।

### पेड़-पौधें लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**भिवानी।** डोबी तालाब स्थित मेगा माइंड किडस स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी को बचाने एवं सुरक्षित पर्यावरण के विभिन्न जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या मंजू शर्मा ने की। शिक्षिका राजबाला व पूजा ने सर्वप्रथम सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित पृथ्वी के लिए विशेष प्रयास करने का संकल्प दिलवाया। प्राचार्या मजू शर्मा ने विद्यार्थियों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाई। इस मौके पर छात्रों ने कविता, नाटक व भाषण के द्वारा पृथ्वी को हरा-भरा व प्रदूषण रहित रखने विषय पर अपनी कला से प्रेरित किया। प्राचार्या मंजू शर्मा ने बताया कि पृथ्वी पर पेड़-पौधों के बिना जीवन संभव नहीं है, क्योंकि पर्यावरण को सुरक्षित केवल पेड़-पौधों के सहारे ही रखा जा सकता है, लेकिन दिन प्रतिदिन हरे पेड़ों की कटाई की जा रही हैं, जो पर्यावरण को असंतुलित कर रहा हैं। उन्होंने शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों से अपने जन्मदिन सहित परिवार के अन्य सदस्यों के जन्मदिन व खुशी के मौकों पर ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधें लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने 21 पौधें रोपित किए और उनके पेड़ बनने तक उनमें पानी देने एवं उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर उपप्राचार्या पूजा कौशिक, राजबाला, नीरज यादव, सीमा, रेखा, रीना, पिंकी, सीमा राघव, शिवानी, संजू, मीनू, सुमन वर्मा, कविता, सीमा राघव, टीना, गीता, निधि व सुनेना सहित समस्त स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### पीएमश्री कन्या स्कूल में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस




भिवानी। पीएमश्री राजकीय कन्या वमा विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर स्टाफ एवं छात्राओं ने विद्यालय प्रांगण में अनेक पौधे लगाए। विद्यालय की छात्राओं और अध्यापकों ने शपथ ली कि पृथ्वी को बचाना हमारा परमधर्म है और आज के दिन प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। प्राचार्या डॉ. कुलवंत कौर ने बच्चों और अध्यापकों से कहा कि पौधें लगाने के साथ-साथ पौधों की देखभाल करना हमारा कर्तव्य है, क्योंकि पौधें ही नहीं बचेंगे तो पृथ्वी का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस हमें हमारी धरती के प्रति कर्तव्यों की याद दिलाता है। हमारी छात्राएं न केवल पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हो रही हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में भी कदम उठा रही हैं। विद्यालय प्रवक्ता राजेश कौशिक ने कहा कि पेड़ पौधों की कमी के कारण ही पर्वतों पर बर्फ पिघलने लगी है और आने वाले समय में हमारे पास न तो पीने का पानी ही रहेगा और ना ही पेड़ पौधों की छाया बचेगी।

### जल ही जीवन, धरती बचाओ-जीवन बचाओ श्लोगनों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**भिवानी।** सांगा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को पृथ्वी दिवस पर जल एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। विद्यालय प्राचार्य अशोक कुमार पहल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने मिलकर पौधरोपण किया तथा जल एवं पर्यावरण संरक्षण का महत्व विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्राचार्य अशोक व प्रवक्ता अजय ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान दिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता फाइन आर्ट प्रवक्ता शिवानी व अंग्रेजी प्रवक्ता ज्योति की देखरेख में हुआ। प्राचार्य ने कहा कि प्रकृति हमारी धरोहर है। संस्कृत प्रवक्ता रामधन शास्त्री ने कहा कि पोस्टर मेकिंग में बच्चों ने रंग-बिरंगे और रचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से जल संरक्षण, ग्लोबल वार्मिंग, पेड़ बचाओ-धरती बचाओ जैसे संदेशों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

### पेड़-पौधों से ही किया जा सकता पृथ्वी का संरक्षण : पुष्पा देवी



**भिवानी।** दिन प्रतिदिन लाखों की संख्या में हो रही हरे पेड़ों की कटाई के कारण पर्यावरण असंतुलित एवं प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, जिसकारण पृथ्वी पर अपने प्रकार की जानलेवा बीमारियां पैदा हो रही हैं। अगर समय रहते हम जागरूक नहीं हुए तो वह दिन दूर नहीं की हमारी आने वाली पीढ़ियों के सामने बहुत बड़ा संकट पैदा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन व पीने के पानी की भारी मात्रा में कमी का सामना करना पड़ सकता है, ये बात श्रीमहावीर जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्या पुष्पा देवी ने विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्टाफ व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने सबको अधिक से अधिक पौधें लगाने व जल संरक्षण की शपथ दिलवाई। पौधरोपण करके लोगों को पर्यावरण संरक्षण व जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।

### पृथ्वी जीवन का आधार, इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य : जाखड़



**भिवानी।** वैश्य इंटरनेशनल विद्यालय में पृथ्वी दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पृथ्वी के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा के साथ की, जिसमें पर्यावरण संरक्षण से संबंधित संदेश सांझा किया। इसके बाद छात्रों ने निबंध लेखन, चित्रकला, नारों और भाषण के माध्यम से सबको पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस विषय पर धरती मां को बचाओ, प्लास्टिक हटाओ- जीवन बचाओ जैसे विषयों पर छात्र-छात्राओं ने प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दी। प्राचार्य डॉ. करतार सिंह जाखड़ ने अपने वक्तव्य में कहा कि पृथ्वी जीवन का आधार है और इसकी रक्षा करना हम सबका कर्तव्य है। हमें पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनना होगा और सतत विकास की दिशा में कदम बढ़ाने होंगे। इस अवसर पर पौधरोपण अभियान चलाया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर विभिन्न प्रकार के पौधें लगाए। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### प्लास्टिक के प्रयोग व पेड़ों की कटाई से हम धरा को बना रहे बेजानः बीके रजनी



**भिवानी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दिव्य भवन रूद्र कॉलोनी में मनन चिंतन शिविर का आयोजन किया। इंटरनेशनल मदर अर्थ डे पर शाखा संचालिका बीके रजनी दीदी ने कहा कि आज हमारी हर जगह और अधिक पाने एवं लालच भरी भूख से पृथ्वी मां का शोषण कर, आवश्यकता से अधिक उर्वरक, कैमिकल्स और प्लास्टिक के प्रयोग कर, पेड़ों की कटाई से धरा को जाने अनजाने बेजान बनाते जा रहे हैं, जिसका परिणाम घातक होगा। उन्होंने कहा कि अब धरती मां भी पुकार रही है कि मुझे हरियाली और खुशहाली चाहिए। इसके लिए हमें चाहिए कि हम अधिक से अधिक पेड़ लगाएं, पानी की बचत करें, कैमिकलस का प्रयोग कम करें, प्लास्टिक का प्रयोग कम करें, उसके रियूज और रिसाइक्लिंग पर ध्यान दें और साथ ही हमें अपने संकल्पों को शुद्ध बनाना होगा, क्योंकि हमारे हर कर्म का आधार संकल्प है इसीलिए ही कहा भी जाता है कि संकल्प से सृष्टि बनती है। इस अवसर पर बीके मोनू भाई, बीके सुभाष भाई, बीके राजकुमार, बीके कमल, बीके वशिष्ठ, बीके सज्जन, बीके धर्मवती, बीके रोनित आदि मौजूद रहे।

### एचडी स्कूल में किया पौधरोपण



**चरखी दादरी।** एचडी विद्यालय बिरोहड के प्रांगण में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। विद्यार्थियों ने बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट के द्वारा घर में बेकार पड़ी हुई सामग्री से बेहतरीन घर की सजावट के सामान तथा अन्य उपयोग की चीजें बनाई। बच्चों ने पृथ्वी पर बढ़ते बढ़ते प्रदूषण जैसे मुद्दों पर चित्र व चार्ट बनाकर जागरूक किया। विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। पूरी दुनिया में सभी देश विश्व पृथ्वी दिवस मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे पृथ्वी का तापमान बढ़ता है वैसे ही ग्लोबल वार्मिंग जैसी भयानक स्थिति उत्पन्न हो जाती है। हमें वृक्षों को काटना बंद करना होगा तथा जल बचाओ पृथ्वी बचाओ पेड़ लगाओ की मुहिम को तेज करना होगा। पृथ्वी दिवस पर प्रत्येक व्यक्ति को प्राकृतिक संसाधनों का किफायत से प्रयोग करना सीखना होगा, तभी हमारी ये सुंदर धरती जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करती इसी तरह खिलखिलाती रहेंगी। उन्होंने कहा कि हमने वृक्षों की कटाई जारी रखी और पेड़ नहीं लगाए तो वो दिन दूर नहीं जब 40-42 डिग्री की बजाय 50-55-60 डिग्री जाने में समय नहीं लगेगा और पृथ्वी पर जीवन नामुमकिन होगा।

### पर्यावरण और अध्यात्म का गहरा संबंध, संपूर्ण मानव का अस्तित्व प्रकृति पर निर्भरः बीके वसुधा



**भिवानी।** हमारी शक्ति, हमारा ग्रह पृथ्वी को बचाना है, क्योंकि पृथ्वी एक अनोखा व अद्भुत ग्रह जिस पर जीवन संभव है,हमें अपने पर्यावरण को शुद्ध पवित्र श्रेष्ठ बनाना होगा, तभी स्वस्थ व स्वच्छ जीवन व्यतीत कर सकते हैं, ये उद्गार कादमा शाखा में सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण व अध्यात्म का गहरा संबंध है, सवेरे जागते ही धरती मां को नमन करने की संस्कृति भारतीय है, संपूर्ण मानव का अस्तित्व केवल प्रकृति पर निर्भर है। पृथ्वी दिवस पर सेवाकेंद्र के बगीचे में पौधरोपण कर पक्षियों के लिए पानी के सकोरे भी रखें। ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने कहा कि धरती को माता कहा गया है, क्योंकि धरती मां बिना किसी स्वार्थ के हमारा पालन पोषण करती है। उन्होंने धरती मां को अनैतिक कर्म से होने वाले नुकसानों से बचाने के आह्वान किया। झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा कि हमें अपने ग्रह पृथ्वी को बचाना है तो ज्यादा से ज्यादा अक्षय ऊर्जा का प्रयोग करना चाहिए। ब्रह्माकुमारी ने कहा कि धरती पर मानवता के अस्तित्व को बचाने के लिए अक्षय ऊर्जा संसाधनों का उपयोग करना चाहिए। ब्रह्माकुमारी रितु व रेखा बहन ने कहा कि पृथ्वी हमारी माता है मनुष्य के अनैतिकता व अपने स्वार्थ पूर्ति के कारण आज सभी जीवो के जीवो को संकट में डाल दिया जो चिंता का विषय है।

### विवेकानंद हाई स्कूल में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने लिया पृथ्वी संरक्षण का संकल्प



**भिवानी।** विवेकानंद हाई स्कूल में सदाचारी शिक्षा समिति एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति ने विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। विद्यार्थियों ने पृथ्वी के संरक्षण और जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। वहीं हिट एंड रन सड़क सुरक्षा अभियान और नशे से दूर रहने का संदेश भी दिया। स्कूल की संचालिका सावित्री यादव व संकल्प संदेश यात्रा 2025 कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रपति अवार्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि विद्यार्थियों को संकल्प दिलवाया कि वह पृथ्वी के संरक्षण, पानी संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या ,बढ़ता हुआ विकास आज पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा विस्फोटक बन रहा है, तो वही साथ-साथ में प्लास्टिक व पॉलिथीन की भरमार भी आज पृथ्वी के सौंदर्य करण को ग्रहण लगा रही है। उन्होंने कहा कि दिन प्रतिदिन पृथ्वी पर प्लास्टिक ,पॉलिथीन व कैमिकल का भार बढ़ता जा रहा है।

### धरती मां को श्रद्धा एवं सम्मान देने के उद्देश्य से बच्चों ने मनाया पृथ्वी दिवस



**चरखी दादरी।** शंकर कालोनी स्थित फस्ट स्टेयर प्ले स्कूल में अपनी धरती मां को श्रद्धा व सम्मान देने के उद्देश्य से बच्चों ने पृथ्वी दिवस मनाया और स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। बच्चों ने धरती को संरक्षण एवं संवर्धन की प्रेरणा दी। विद्यालय निदेशक बलराज फौगाट ने बाल प्रतिभाओं की सराहना करते हुए कहा कि पृथ्वी दिवस हमारी धरती को याद करने और उसकी रक्षा करने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि धरती अनमोल संपदा है, जो हमें संतुष्टि, समृद्धि और जीवन की ऊंचाइयों तक ले जाती है। हम धरती को अपनी मां कहते हैं तो मां के प्रति अपनी संतान के कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। धरती के गर्भ में छिपी संपदा का भंडार अनादि काल से मनुष्य के जीवन को पोषित करता रहा है। इसकी उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिए रासायनिक खादों के स्थान पर जैविक खादों का प्रयोग करें। अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और प्लास्टिक का प्रयोग न करें।

### कुड़ल गांव में त्रिवेणी रोपित कर मनाया बेटी का जन्मदिन व विश्व पृथ्वी दिवस



**भिवानी।** गांव कुड़ल में खंड वन अधिकारी प्रमोद चौपड़ा व मंडी सुपरवाइजर वंदना ने अपनी पुत्री अक्षिता का पहला जन्मदिन अपने पिता प्रधान सतवीर सिंह चौपड़ा के आशीर्वाद एवं सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधीक्षक दर्शनानंद नेहरा के सान्निध्य से त्रिवेणी रोपित करके मनाया व आगे भी सभी अवसरों को पेड़-पौधों से उन यादों की एलबम संजोए रखने का आह्वान किया।

इस मौके पर प्रधान सतवीर सिंह चौपड़ा ने बताया कि बेटियां और पौधें दोनों ही जीवन का आधार हैं, इनके बिना जिंदगी बेरंग है। समाज को इनकी महता को समझना चाहिए। । नेहरा ने बताया कि जिस तरह बेटियां मां बाप की सेवा करती हैं, उसी प्रकार पेड़-पौधे भी जीवनभर हमारी सेवा करते हैं, इसलिए हमें बेटियों के नाम से पौधें लगाकर यादों की एलबम संजोनी चाहिए। इसके लिए त्रिवेणी लगाना सबसे अच्छा कदम है। इससे न केवल बच्चों में अच्छे संस्कार प्रवाहित होंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हम अच्छा पर्यावरण तैयार कर सकते है।

### प्रत्येक जन को चाहिए कि वे अधिक से अधिक पौधरोपण करें : रमेश रंगा



**भिवानी।** पृथ्वी दिवस पर गांव कैरु के बाबा मुंगीपा एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर विद्यार्थियों जल एवं पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया। कार्यक्रम के दौरान पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें विद्यार्थियों ने पेंटिंग के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का महत्व जाना। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर समय-समय पर पौधरोपण करने का संकल्प भी किया। प्रधानाचार्य रमेश रंगा ने विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि हमें पृथ्वी को हर हाल में बचाना है। उन्होंने कहा कि हम पर्यावरण संरक्षण में हम भूमिका निभाएंगे तथा जल को बचाएंगे, तभी आने वाला भविष्य स्वच्छ व शुद्ध रह पाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जन को चाहिए कि वे अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करें। इस मौके पर अध्यापक सोमवीर, जगदीश शर्मा, मोहित, बलजीत, पूजा चौहान, सुलोचना देवी, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

### मनुष्य ने प्रकृति के साथ छेड़छाड़ कर अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारीः सांगवान



**चरखी दादरी।** पृथ्वी दिवस पर गांव खेड़ी बत्तर राजकीय माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अध्यापिका पूनम बुरा की अध्यक्षता में किया। इस दौरान स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने प्रकृति संरक्षण व उसे बिना किसी वाजिब कारण कोई नुकसान नहीं पहुंचाने का संकल्प लिया। इको क्लब इंचार्ज व विज्ञान अध्यापक मास्टर रविंद्र सांगवान की अगुवाई में विद्यार्थियों ने अनेक गतिविधियों में अपनी सहभागिता की।

मुख्य अध्यापिका पूनम बुरा ने कहा कि प्रकृति से अंधाधुंध छेड़छाड़ के कारण प्रकृति और मानव के बीच असंतुलन पैदा हो गया है, जिससे जल, जमीन, पौधे आदि खतरे के दौर से गुजर रहे हैं। इसलिए प्रकृति से छेड़छाड़ न करें। मास्टर रविन्द्र सांगवान ने कहा कि मनुष्य ने आज प्रकृति के साथ छेड़छाड़ कर अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारी है। आज प्रकृति को मनुष्य ने अपने स्वार्थ के लिए जगह-जगह से समाप्त कर दी है। जिससे वातावरण में बदलाव आते जा रहे है।

### नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में किया पौधरोपण



**भिवानी।** नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर परिसर में विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान मंदिर प्रांगण में 11 पौधें लगाए गए। इस मौके पर संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी, प्रधान उर्मिला सैनी, पर्यावरण रक्षक जेई बिजेश जावला व पार्षद विनोद प्रजापति की उपस्थिति रही। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधें लगाने और उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया। अतिथियों ने कहा कि पृथ्वी दिवस सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन हमें धरती मां के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए। पौधें लगाए, पृथ्वी को बचाएं संदेश को केंद्र में रखते हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण से लड़ने का सबसे सरल और प्रभावी उपाय पौधरोपण है। हर एक पौधा न केवल जीवनदायिनी ऑक्सीजन देता है, बल्कि पृथ्वी के संतुलन को भी बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि अगर हर नागरिक हर साल कम से कम एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो हम आने वाली पीढ़ियों को एक हरी-भरी और सुरक्षित धरती सौंप सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर पेड़ लगाएंगे तो ही जीवन बचाएंगे, अपने किसी भी दिवस को याद रखने के लिए व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा पौधें लगाने चाहिए।

**लापरवाही** बूस्टर की छत टूटी, हादसे के इंतजार में प्रशासन

# प्रशासन और नेताओं की लापरवाही के कारण मोहल्ला बना नरक

गंदगी व हवा से साथ उड़कर कचरा व रेत,धूल मिटटी जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। टूटी बुस्टर की छत का दृश्य व घरों में पहुंचा दूषित पानी।

डोभी तालाब वाटर बूस्टर पानी की डिग्गी के ऊपर जो एक साल से टूटी हुई है जिसके कारण मोहल्ले में गंदा पानी सप्लाई हो रहा है तथा मोहल्ले वासियों के लिए व कर्मचारियों के लिए जान का खतरा बना हुआ है। हैरानी की बात यह है कि उक्त इलाके में स्थित बुस्टिंग टैंक की छत टूटी हुई है। जिसमें हमेशा किसी भी व्यक्ति या पशु के गिरने की आशकां बनी है,लेकिन प्रशासन इसको लेकर कतई गंभीर नहीं है। लगता है जिला प्रशासन उक्त बुस्टर की टूटी छत की वजह से हादसे के इंतजार में है। उक्त इलाके में पीने के पानी की सप्लाई के लिए एक बुस्टर बनाया गया है। जिससे पूरे इलाके में पीने के पानी की सप्लाई होती है। पिछले कई दिनों से बुस्टर के टैंक की छत टूटी है। जिस पर करीब तीन फुट चौडा और इतना ही लंबी जगह से टूटा है। उस जगह में से गंदगी व हवा से साथ उड़कर कचरा व रेत,धूल मिटटी जा रही है। जो कि पानी के साथ घरों तक पहुंच रही है।

### ढोबी तालाब नहीं बन पाई अभी तक झील

डोभी तालाब जो कभी पूरे हरियाणा में प्रसिद्ध था। हरियाणा सरकार ने झील बनाने का वादा भी किया था और बजट भी पास किया था लेकिन वह झील बनाने का केवल एक सपना ही रह गया वह एक छोटा सा तालाब व गंदगी का ढेर बनकर रह गया है। लेकिन वह झील एक सपना बनकर रह गई है वह केवल एक कूड़े का ढेर व छोटा सा तालाब बनकर रह गया है। प्रशासन का सपना था यहां झील व पार्क बनाकर पूरे भिवानी व मोहल्ले वासियों को सुविधा देना जिससे पर्यटन स्थल सुंदर पार्क व ओपन जिम बनकर भिवानी की शान बन सके व सभी के स्वास्थ्य में सुधार हो सके और भिवानी की शान बन सके क्योंकि डोभी तालाब भिवानी का सबसे प्राचीन तालाब है।

**सूचना**

मैं, सुनील कुमार पुत्र श्री ओम प्रकाश निवासी 64/143, जवाहर नगर, भिवानी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र शिवम व उसकी पत्नी कोमल मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, प्रविन्द्र यादव (Pravinder Yadav) पुत्र श्री उजेन्द्र सिंह (Ujender Singh) (प्रमाण पत्र के अनुसार) निवासी मिसरी जिला चरखी दादरी बयान करता हूं कि मेरी उक्त लड़की के कक्षा 9वी के प्रमाण पत्र मे पुराना नाम माही सिंह (Mahi Singh) व पिता का नाम प्रविन्द्र यादव (Pravinder Yadav) और माता का नाम मीना देवी (Meena Devi) दर्ज है मेरी उक्त लड़की ने दसवीं की परीक्षा वर्ष 12 मई 2023 में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड देहली से पास की है जिसमे मेरी उक्त लड़की का नाम केवल माही (Mahi) व पिता का नाम प्रविन्द्र (Parvinder) व माता का नाम मीना (Meena) दर्ज है। अब मैं अपनी उपरोक्त 10वी के प्रमाण पत्र मे मेरी लड़की का नाम माही सिंह (Mahi Singh) पिता का नाम प्रविन्द्र यादव (Pravinder Yadav) व माता का नाम मीना देवी (Meena Devi) दर्ज करवाना चाहता हूँ।

### पेंशन वित्त विधेयक के विरोध में उतरे रिटायर कर्मचारी, सौंपा ज्ञापन

# गरजे रिटायर कर्मचारी, विधेयक वापस नहीं लेने पर आरपार की लड़ाई का किया ऐलान

- पूरी जिंदगी देश सेवा की, अब रिटायर्ड कर्मचारियों का भविष्य छीनने पर तुली है सरकार
- पेंशन वित्त विधेयक-2025 से रिटायर्ड कर्मचारियों को करना पड़ेगा आर्थिक असुरक्षा का सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पेंशन वित्त विधेयक-2025 के विरोध में रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले मंगलवार को रिटायर्ड कर्मचारियों ने शहर में प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से केंद्रीय वित्त मंत्री को मांगपत्र सौंपा तथा पेंशन वित्त विधेयक 2025 को वापिस लेने की मांग की। रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के भिवानी जिला प्रधान नरेश शर्मा की अध्यक्षता व जिला सचिव राजबीर कादियान के संचालन में प्रदर्शन की शुरूआत चौ. सुरेंद्र सिंह पार्क से की गई। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर नारेबाज़ी करते हुए उपायुक्त कार्यालय पर पहुंचे तथा मांगपत्र सौंपा।

प्रदेश महासचिव रत्न जिंदल, जिला प्रधान नरेश शर्मा व जिला सचिव राजबीर कादयान ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 25 मार्च को लोकसभा में पेंशन वित्त विधेयक पास किया है, जिसके तहत 31 दिसंबर 2025 से पहले सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को पुराने पेंशनर्ज को 8वेतन आयोग का लाभ नहीं दिया जाएगा तथा वह न्यायालय में भी अपील नहीं कर पाएगा। इस विधेयक को कर्मचारियों के हितों के खिलाफ बताते हुए इसे तत्काल वापिस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि मांगपत्र के माध्यम से उन्होंने पेंशन वित्त विधेयक-2025 को रद्द किया जाने, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू किए जाने, रिटायर्ड कर्मचारियों को समय पर पेंशन भुगतान सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पूरी जिंदगी देश और सरकार की सेवा की है। अब सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों का भविष्य छीनने पर तुली है।


भिवानी। मांगों को लेकर नारेबाजी करते सेवानिवृत कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### खत्म हो जाएगी पेंशन की सुविधा

प्रदेश कोषाध्यक्ष सुखदर्शन सरोहा, कामरेड ओमप्रकाश, जगरोशन, सज्जन कुमार सिंगला ने कहा कि पेंशन वित्त विधेयक-2025 से रिटायर की पेंशन खत्म हो जाएगी। जिससे बुजुर्ग कर्मचारियों की आर्थिक स्थिरता पर सीधा-सीधा असर पड़ेगा तथा उन्हे बुढ़ापे में आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पेंशन खत्म होने से रिटायर कर्मचारी अपनी जरूरी जरूरतें जैसे इलाज, दवाईयां, घर खर्च आदि नहीं चला पाएंगे, जिससे उन्हे अपने परिवार पर निर्भर होना पड़ेगा तथा उनका आत्मसम्मान भी प्रभावित होगा।

#### बढ़ेगी चुनौतियां

दिलबाग जांगड़ा, उमराव सिंह, संतु सिंह, तोशाम के प्रधान रामनंद, बहल ब्लॉक प्रधान बलबीर ठाकन, कैरू ब्लॉक प्रधान ने कहा कि पेंशन वित्त विधेयक-2025 रिटायर कर्मचारियों के लिए कई आर्थिक और सामाजिक चुनौतियां लेकर आएगा। जिससे उनके भविष्य की स्थिरता, आत्मनिर्भरता और सम्मान को यह विधेयक सीधा प्रभावित कर सकता है। यही वजह है कि देशभर में रिटायर्ड कर्मचारियों द्वारा इसका विरोध तेज होता जा रहा है। प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, लेकिन कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## विद्यार्थियों की अनदेखी के विरोध में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

- एनएसयूआई ने प्रदर्शन कर सीबीएलयू में दिया धरना, कुलपति को सौंपा मांगपत्र
- विद्यार्थियों के हितों को लेकर जरा भी गंभीर नहीं है सीबीएलयू


भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

**भिवानी।** चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के हितों को लेकर बरती जा रही अनदेखी के विरोध में एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी व प्रदेश अध्यक्ष अविनाश यादव के निर्देशानुसार एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान के नेतृत्व में मंगलवार को एनएसयूआई पदाधिकारियों ने मंगलवार को रोष प्रदर्शन किया तथा सीबीएलयू में धरना दिया तथा कुलपति के नाम मांगपत्र सौंपकर जल्द से जल्द मांगें पूरी किए जाने मांग की। इस मौके पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा अभी तक स्नातक व स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को दिसंबर-2024 का परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया गया है तथा कुछ परीक्षा परिणाम अभी 15 अप्रैल को ही जारी किया है, जिससे कि विद्यार्थी री-अपीयर के फॉर्म भरने में अक्षम है, ऐसे में परीक्षा परिणाम जल्द जारी किया जाए। परीक्षा परिणाम की त्रुटियों को जल्द ठीक किया जाए। विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक का परीक्षा परिणाम 2025 मार्च-अप्रैल में जारी किया गया है, उसमें भी बहुत खामियां है, जिसको दोबारा से ठीक करवाकर अपलोड किया जाए। विश्वविद्यालय द्वारा जो स्पेशल चांस देकर 40 विद्यार्थियों की परीक्षाएं करवाई गई थी और जो विद्यार्थी उस परीक्षा में पास हो गए थे, उसका भी परीक्षा परिणाम अभी तक अपडेट नहीं किया गया है। 2024 अगस्त में जो परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया गया था, उनमें अधिकत्तम विद्यार्थियों को परीक्षाओं व प्रैक्टिकल में अनुपस्थित दिखाया था।

### खबर संक्षेप

#### पृथ्वी दिवस पर पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बी. के. शिक्षण महाविद्यालय में पृथ्वी दिवस पर पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों को पौधे बांटकर पृथ्वी को बचाने का संकल्प दिलाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. रविंद्र राठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम देख रहे हैं कि पर्यावरण कितना तेजी से बदल रहा है, गर्मी की अधिकता वातावरण में तेजी से बड़े बदलाव को लाने का काम कर रही है। यह बदलाव संपूर्ण पृथ्वी के लिए बड़ा ही घातक सिद्ध होने वाला है। आज जिस तरीके से भौतिकवादी युग में मनुष्य अपनी सुख-सुविधाओं के लिए पृथ्वी का, पर्यावरण का एवं वातावरण का जो अंधाधुंध दोहन कर रहा है, जिसके कारण संपूर्ण पृथ्वी एक आज आग का गोला बन गई है। यदि वक्त रहते हम नहीं संभले तो न केवल मानव जाति पर बल्कि संपूर्ण जीव जंतु खतरे में आ जाएंगे।

#### लोहारी जाटू के स्कूल में पृथ्वी दिवस पर लगाए पौधे



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के लोहारी जाटू स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजकीय प्राथमिक पाठशाला में पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण किया गया। विद्यालय मुखियाओं व शिक्षकों में सीमा चौधरी, दीपा कौशिक, शीतल, प्रवेश, अनीता आदि ने मिलकर पौधे लगाए और बताया कि यदि पर्यावरण को सुरक्षित बनाए रखना है तो हमें समय समय पर पौधारोपण करते रहना होगा अन्यथा वो दिन दूर नहीं जब डीजल-पैट्रोल डलवाने के लिए ऑक्सीजन के लिए भी सिलेंडर लगवाना होगा। वहीं उन्होंने पौधारोपण कर सभी स्टाफ संग मिलकर पर्यावरण को सुरक्षित बनाए रखने की शपथ दिलवाई।

#### गांव जुई खुर्द स्कूल की छात्राओं ने निकाली रैली



**भिवानी।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुई खुर्द भिवानी की छात्राओं ने विश्व पृथ्वी दिवस पर रैली का आयोजन किया। छात्राओं ने नारे लगाकर रैली निकाली। छात्राओं ने प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसानों के बारे में चर्चा की और प्लास्टिक को दोबारा किस तरह उपयोग करना चाहिए, इस बारे में भी जागरूक किया। प्राचार्य डा. सीडी भारद्वाज ने रैली को रवाना किया। उन्होंने पृथ्वी दिवस पर धरती को हरा भरा और स्वच्छ रखने को कहा। उन्होंने कहा कि पृथ्वी को बचाने के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। हर व्यक्ति को साल में कम से कम एक पेड़ लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए।

#### दिल्ली वर्ल्ड स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम



**भिवानी।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भिवानी में प्राचार्या डॉ निर्मला नीतू के कुशल मार्गदर्शन में अत्यधिक उत्साह के साथ ' विश्व पृथ्वी-दिवस' मनाया गया। जिसमें कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने पृथ्वी के संरक्षण का संदेश देती हुई एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। कक्षा 12वीं के विद्यार्थी दिवस और अदिति ने पृथ्वी दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मर्मस्पर्शी एवं प्रेरक कविताएं प्रस्तुत कीं। कक्षा पहली व दूसरी के विद्यार्थियों के लिए अर्थ - डे के थीम पर 'कलरिंग एक्टिविटी' का आयोजन किया गया। कक्षा तीसरी से पांचवी के विद्यार्थियों ने विद्यालय के निदेशक डॉक्टर विनय शर्मा और अपने शिक्षकों के साथ उत्साहपूर्वक पौधरोपण किया।

#### ब्लूमिंग बड्स के बच्चों ने दिया स्वच्छता का संदेश



**भिवानी।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर ब्लूमिंग बड्स कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने ग्रीन सोसाइटी भिवानी द्वारा आयोजित की गई स्वच्छता अभियान में भाग लिया जहां विद्यार्थियों ने अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में योगदान दिया। चौधरी बंसीलाल पार्क में आयोजित इस अभियान में बच्चों ने बढ़ चढ़कर सहयोग दिया और हमें अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्रीन सोसाइटी द्वारा प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। पृथ्वी दिवस के अवसर पर ब्लूमिंग बड्स कान्वेंट स्कूल में ग्रीन डे मनाया गया।

#### बीके स्कूल में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवानी खेड़ा में 'पृथ्वी दिवस' बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कक्षा पाँचवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में अपनी भूमिका का निर्वाह किया। कक्षा नौवीं से बारहवीं की छात्राओं ने पर्यावरण प्रदूषण व पृथ्वी संरक्षण का महत्व बताते हुए मंच पर लघु नाटिका का मंचन किया। माही ने भाषण के माध्यम से पृथ्वी दिवस पर विचार अभिव्यक्त किए। कक्षा नर्सरी से पाँचवीं के विद्यार्थियों ने रचनात्मक गतिविधि पोस्टर, ड्राईंग, स्लोगन के माध्यम से पृथ्वी दिवस का महत्व दर्शाया व पृथ्वी को प्लास्टिक प्रदूषण से मुक्त करने का संकल्प जाहिर किया। छात्रों ने अपनी रचनात्मक का जादू दिखाते हुए प्लास्टिक पॉलिथीन का उपयोग करके धरती का चित्र बनाया। यह चित्र सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

## बाबा कमाल धर्मशाला में श्रीमद्-भागवत कथा का किया आयोजन



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बाबा कमाल धर्मशाला में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया। ये आयोजन 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक आयोजित होगा। पहले सोमवार सुबह 8 बजे क्लश यात्रा निकाली गई उसके बाद वैशाख कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि से अमावस्या तक इसके कार्यक्रम को करने बारे निर्धारित किया गया। कार्यक्रम बांके बिहारी जी एवं समस्त समाजसेवियों के सहयोग से आयोजित हुआ जिसमें भागवताचार्य पं. संदीप अत्री ने इसमें अपनी अहम भूमिका अदा की। कलश यात्रा में नपा चेयरमैन सुंदर अत्री, पार्षद दीपक सैनी का विशेष सहयोग रहा वहीं बाबा सोमवार पुरी कुटिया के महंत बाबा कैलाश गिरी महाराज ने भी भक्तजनों को अपना आशीर्वाद दिया।

## शिव परोपकारी, शिव कालों के काल

- ब्रह्मदत्त मेमोरियल हॉल में शिव महिमा का किया गुणगान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

बहल की बेटियों द्वारा ब्रह्मदत्त मेमोरियल हॉल में आयोजित शिव महापुराण कथा में दूसरे दिन शिव की करूणामय महिमा का गुणगान किया गया। कथावाचक पंडित कमल सूंठवाल ने कहा कि शिव भगवान अपने भक्तों पर असीम कृपा बरसाते हैं। जो भक्त उनको सच्चे मन से ध्यान करता है वो उसके जीवन में कठिनाई आने ही नहीं देते हैं। शिव परोपकारी है, शिव कालों के काल है। सोमवार को पंडित कमल सूंठवाल ने कहा कि शिव अजर, अमर है। उनका नाम और ध्यान मंगलमय है।


बहल। आयोजित कथा में प्रवचन देते हुए। फोटो : हरिभूमि

शिव नारद मुनि का वृतांत सुनाते हुए कहा कि शिव बेशक क्रोधित हो जाते हैं, पर अपने भक्तों की भावना का हमेशा सम्मान करते हैं। वो दयालु है। क्रोध के बाद भी अपने भक्त को कभी कोई अहित नहीं होने देना चाहते है और उसे माफ कर देते हैं। सरल स्वभाव से ही उनका नाम भोले नाथ है। शुकदेव से जुड़ा रोचक प्रसंग सुनाया जिसमें शिव भगवान माता पार्वती को अमरनाथ गुफा में भगवान सत्यनारायण की कथा सुना रहे थे। वहां रखे एक टूटे अंडे से शुकदेव का जन्म हुआ। पं. कमल ने कहा कि जब भी धरती पर पाप बढ़ता है तो भगवान किसी न किसी रूप में अवतार लेता है।

## कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन

**बहल।** उपमंडल कानूनी सेवाएं समिति लोहारू द्वारा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार के निर्देशानुसार व उप मंडल कानूनी सेवा समिति लोहारू के अध्यक्ष एवं उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में मंगलवार को बहल कस्बे के पंचायत भवन में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थितजनों को प्रकृति संरक्षण के लिए जागरूक करते हुए कहा गया कि अपने भौतिक सुख साधनों के वशीभूत हम प्रकृति को जो नुकसान पहुंचा रहे हैं। उसके परिणाम भयावह होंगे। प्रकृति को नुकसान पहुंचाते रहे तो हम आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुखद होगा।

## गर्मी एवं लू से बचाव को लेकर रहें सतर्क

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मुनीश शर्मा ने गर्मी एवं हीट वेव से बचाव को लेकर जरूरी सावधानियां बरतने की अपील की है। उन्होंने अत्यधिक गर्मी से बचाव को लेकर सभी प्रमुख विभागों को निर्देश दिए कि वे सरकार के निर्देशानुसार लोगों को जागरूक करें, ताकि नागरिक अत्यधिक गर्मी के प्रकोप से अपना बचाव कर सकें। दिन प्रतिदिन गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। आपदा एवं प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग, बिजली, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास व पशुपालन विभाग आदि विभागों द्वारा एडवाइजरी जारी की जा चुकी है। लोगों को विभागों की एडवाइजरी की जानकारी होना जरूरी है।

## हनुमानजी अजर अमर व तारणहार

- डीसी कॉलोनी के शिव मंदिर में हनुमानजी का सत्संग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मंगलवार एमसी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में भारत माता सेवा मंडल ने कलियुग के देवता हनुमान जी के सत्संग का आयोजन किया। मंडल संरक्षक पूर्णमल शर्मा, गणपत जसूजा, सेवा प्रमुख अशोक कुमार एवं नगर मंडल अध्यक्ष भीष्म सचदेवा ने हनुमानजी की प्रतिमा के समक्ष मंत्र उच्चारण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। भारत माता सेवा मंडल के अध्यक्ष एडवोकेट पदमसिंह चौहान, जुगनू पेंटर, सतीश कथूरिया,देवेश गोयल ने हनुमानजी के भजनों से सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।


भिवानी। हनुमानजी की पूजा अर्चना करते भारत माता सेवा मंडल के सदस्य।

उन्होंने बताया कि हनुमानजी अजर अमर हैं और इस कलियुग में भक्तों के तारणहार हैं। सभी सनातन प्रेमियों से मंदिर में पूजा अर्चना करने की अपील करते हुए कहा कि हनुमानजी बल बुद्धि देने वाले और संकटों को हरने वाले हैं। महेश नारंग, मुरारीलाल शर्मा, बिशम्बर शर्मा, सुमेर सैनी, धर्मवीर दहिया, रमेश यादव, वेदप्रकाश तंवर, बलराज शर्मा, राकेश अरोड़ा जीएमसी, महावीर तेनेजा, अंगूनाराम हलवाई, सुभाष छाबड़ा देहली ऑप्टिकल, ओमप्रकाश चावला, वीरेंद्र कुकरेजा, नरेंद्र बग्गा ,भगवानदास, सुरेश वधवा, धर्मपाल वधवा मौजूद रहे।

## जमीन मैप को डिजिटल करने के काम में तेजी लाने के निर्देश

- उपायुक्त ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

**भिवानी।** डीसी महावीर कौशिक की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में मंगलवार को राजस्व विभाग के अधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने हरसेक द्वारा बनाए गए जमीन के मैप को डिजिटल करने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों या कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि हरसेक द्वारा बनाए गए जमीन के मैप को डिजिटल करने का कार्य धीमी गति से चल रहा है, जोकि सही नहीं है। उन्होंने कहा कि यह कार्य राजस्व विभाग के पटवारी और डाटा इंट्री ऑपरेटर द्वारा किया जाना है। उन्होंने इस कार्य के लिए पांच अतिरिक्त ऑपरेटर और लगाए जाने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि पटवारी और डाटा इंट्री ऑपरेटर का तीन-तीन दिन का शेड्यूल बनाकर उनको गांव अलॉट किए जाएं। प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट डीसी कार्यालय में भिजवाई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस कार्य को गंभीरता के साथ-साथ नियमित रूप से करें। सभी पटवारी और डाटा इंट्री ऑपरेटर अपने शेड्यूल के अनुरूप कार्य करें, कोताही बर्दाश्त नहीं होगी।

**आक्रोश** प्रत्येक माह की सात तारीख को मानदेय देने व अन्य मांगों को पूरा करने की मांग

# लंबित मांगों को लेकर मिड-डे-मील वर्कर्स ने सीटीएम को सौंपा अपनी मांगों का ज्ञापन

एमडीएम को मिलने वाला मानदेय बहुत कम और वो भी समय पर नहीं मिलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विभिन्न मांगों को लेकर मिड-डे-मील कार्यकर्ता यूनियन ने एआईयूटीसी के जिला सचिव राजकुमार बासिया के नेतृत्व मंगलवार को सिटीएम अनिल कुमार को मांगपत्र सौंपा तथा जल्द से जल्द मांगें पूरी किए जाने की गुहार लगाई।

मांगपत्र के माध्यम से यूनियन की राज्य प्रधान राजबाला ने कहा कि मिड-डे-मील को प्रत्येक माह की सात तारीख को मानदेय दिए जाने, वर्ष में 10 माह की जगह 12 माह का मानदेय देने, एमडीएम कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, प्रांत में लागू न्यूनतम वेतन देने, सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त पांच लाख रुपये दिए जाने, सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष करने, केंद्र सरकार द्वारा रोके गए कई माह के एक हजार रूपये मासिक का भुगतान शीघ्र करने की मांग उठाई।


भिवानी। नगराधीश को ज्ञापन सौंपती मिड-डे-मील कार्यकर्ता।

उन्होंने कहा कि मिड-डे-मील कार्यकर्ता से अन्य कार्य भी करवाए जाते हैं, एमडीएम से जबरन कोई और कार्य न करवाए जाने, ड्रेस की राशि का भुगतान करने व राशि बढ़ाने, एमडीएम कुक को हटाने की धमकियां देकर उन्हें परेशान न करने, यूनियन की महासचिव कुसुम पांचाल को शीघ्र ड्यूटी पर बहाल किए जाने की मांग को लेकर सीटीएम को ज्ञापन सौंपा।

#### नहीं हो रही कोई सुनवाई

एआईयूटीसी के जिला सचिव राजकुमार बासिया ने कहा कि हरियाणा के विद्यालयों में खाना बनाने वाली मिड-डे-मील के पास आजीविका का कोई अन्य साधन नहीं है तथा इन्हें मिलने वाला मानदेय भी बहुत कम है और वह भी समय पर नहीं मिलता। एमडीएम को मिलने का मानदेय प्रत्येक माह की सात तारीख को मिल जाना चाहिए, जिससे उनका घर का गुजर बसर हो सकें। उन्होंने कहा कि एमडीएम अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्षरत है, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं की जा रही है, जिसके चलते उनमें रोष की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि एमडीएम की मांगें नहीं मानी तो अगले माह प्रदेशभर की एमडीएम पानीपत में शिक्षा मंत्री के आवास पर प्रदर्शन करेंगी। इस मौके पर धर्मबीर सिंह, सोनू, रेखा, संतोष, मीना, सुषमा, दर्शना, शीला सहित अन्य मिड-डे-मील कार्यकर्ता मौजूद रही।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू | 12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
C.E.T. | रेलवे
CUET | अग्निवीर
S.S.C. | Delhi Police
अनुभवी अध्यापक | नोटस पैकेज | शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली, नजदीक बस स्टैण्ड, च. दादरी
9050035973, 9812611926

हरियाणा राजपूत प्रतिनीधि सभा भिवानी रजि.
सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला रजिस्ट्रार फर्म एण्ड सोसायटीज, भिवानी के आफिस आदेश DR/BWN/F&S/407-412 Dt. 18.03.2025 के अनुसार हरियाणा राजपूत प्रतिनीधि सभा भिवानी रजि. नं. 324/Sept 2013 के सदस्यों की सूची राजपूत धर्मशाला रोहतक गेट (अग्रसैन चौक) में चस्पा कर अवगत कराया जाता है कि सदस्यों की सूची में किसी व्यक्ति/सदस्यों की आपत्ति, सुझाव एवं संसोधन (नाम, पिता का नाम, पता, फोन इत्यादि) हो तो वह सभा के कार्यालय में इस नोटिस के जारी होने की तारिख से 15 दिन के अन्दर अन्दर (दिनांक 08-05-2025 सांय 4 बजे तक) अपनी आपत्ति प्रमाण पत्र सहित दर्ज करवा सकता है। निर्धारित समय व तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति आदि पर कोई विचार नही होगा। सदस्यों की सूची लेने के इच्छुक व्यक्ति तदर्थ समिति के सदस्यों से 10/-रूपये प्रति पेज राशि अदा करके ले सकते हैं।
सदस्यगण तदर्थ समिति
कंवरपाल पूर्व सरपंच मो.: 98135 60394
धर्मपाल सिंह मो.: 94163 83997
जयपाल सिंह चौहान एडवोकेट मो.: 94164 89129
कंवरपाल सिंह एडवोकेट मो.: 94162 30587